राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर

# राज्यपाल ने राष्ट्रीय एकता के अग्रदूत स्व. पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की

जयपुर, 31 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्रीय एकता के अग्रदूत और अखंड भारत के निर्माता सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म–जयंती पर उन्हें भावभीना स्मरण किया। उन्होंने स्व. पटेल को नए भारत का शिल्पी बताते हुए कहा कि छोटी–बड़ी 565 रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके उन्होंने अखण्ड भारत का विश्वभर में अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।

श्री मिश्र ने राजभवन में शनिवार को स्व. पटेल की छवि पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने देश के एकीकरण में उनके योगदान के लिए उन्हें नमन करते हुए उन्हें याद किया।

राज्यपाल ने कहा कि देश की एकता के सूत्रधार भारत रत्न स्व. पटेल ने आजादी के ठीक पूर्व ही वीपी मेनन के साथ मिलकर देशी राज्यों में बंटे भारत को एक करने का कार्य आरम्भ कर दिया था। उन्होंने कहा कि स्व. पटेल की राष्ट्रभक्ति और लौह नेतृत्व सदैव हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा।

——

## पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी को राज्यपाल की श्रद्धांजलि

जयपुर, 31 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

उन्होंने कहा कि निडर व्यक्तित्व की वह दूरदर्शी ऐसी प्रधानमंत्री थी, जिनके कारण ही भारत–पाकिस्तान युद्ध में देश को विजय मिली। बांग्लादेश के स्वतंत्र राष्ट्र रूप में अस्तित्व में आने में भी उनकी महत्ती भूमिका रही।

श्री मिश्र ने इंदिरा गांधी को सशक्त महिला प्रधानमन्त्री बताते हुए देश हित में उनके व्यक्तित्व से सीख लेने का आह्वान किया है।

——